की 9 वर्श की लडकी के साथ बलात्कार किया गया। गांव के चौधरी ने बलात्कार किया है यह इनके ला एण्ड आर्डर की स्थिति है।

श्री उपाध्यक्षः कामरेड भांकर लाल जी, आप बैठिये, आपका समय हो चुका है अब श्री जगजीत सिंह पोहलू बोलेंगे।

कामरेड भांकर लालः * *

श्री उपाध्यक्षः यह रिकार्ड न किया जाए।

कामरेड भांकर लालः * *

श्री सुशमा स्वराजः उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है। कामरेड भांकर लाल जी ने जो कुछ यहां कहां है वह न तो अन–पार्लियामेन्टरी है और न ही इररैलेवैन्ट है लेकिन आपने यह आदे ा दे दिया कि यह रिकार्ड न किया जाए। उपाध्यक्ष महोदय, दूसरी बात यह है कि हमारी पार्टी के केवल एक ही सदस्य बोले है और उन्हें बोलते हुए केवल 20 मिनट भी नहीं हुए है लेकिन आपने उन्हें खत्म करनै के लिए कह दिया है। (ाोर)

श्री उपाध्यक्षः वे मेरी इजाजत के बगैर बोल रहे थे, इसलिये रिकार्ड न करने के लिए कहा गया था। (ाोर व व्यवधान)

श्री सुशमा स्वराजः आपने उन्हें समय दिया था इसीलिए वे बोल रहे थे मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह था कि जो कुछ

उन्होंने यहां कहा है उसमें न तो कुछ अन पार्लियामेन्टरी था और न ही इररैलेवेन्ट। इसीलिये आप यह सब कुछ रिकार्ड करवाइए।

कामरेड भांकर लालः अच्छी जी धन्यवाद।

चौधरी जगजीत सिह पोहलूः डिप्टी स्पीकर साहब, जो गवर्नर एड्रैस हमारे सामने है इसे सरकार ने गर्वनर साहब से लिखकर पढवाया है यह एक रूटीन सा प्रोजीसर है लेकिन यह सारे का सारा एड्रैस बे–बुनियाद और खोखला है। इस सरकार ने जनता के लिए कोई खास काम नहीं किए है। और न ही कोई खास कदम उठाये है। मैं आपके द्वारा बताना चाहता हूं कि हरियाणा की आज बहुत बुरी हालत है। चारों तरफ करप् ान ही करप् ान दिखाई देती है **(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी हरस्वरूप बूरा पदासीन हुए)** चैयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि इस समय हरियाणा में चारों तरफ करप् ान ही करप् ान दिखाई देती है और जनता को इस सरकार से ठीक इन्साफ नहीं मिल रहा है। चेयरमैन साहब आज सारे हरियाणा के अन्दर घर–घर में इस बात का भाोर है और जैसा कि हमारे माननीय नेता मलिक मुख्यतार सिंह जी जिनका इस सरकार को बनाने में बडा महान हाथ था। उन्होंने भी कहा है कि यह एसएसएस बोर्ड नही है बल्कि यह तो सर्विस सैलिंग बोर्ड है जहां पर नौकरियों बिकती है। इस बात का हम सब को पता है और सभी वजीरों को पता है कि एसएसएस बोर्ड का चेयरमैन पैसे लेकर अप्वायंटमैन्टस करता है। वैकेन्सीज 60 होती है और भर्ती

350 कर लिये क्योंकि सभी से पैसे लिए गए थे। चैयरमेन साहब, मैं आगे आप को यह भी बताना चाहता हूं कि नायब तहसीलदारों, एएस आईज की सिलैक ान होने जा रही है। इनकी सिलैक ान पर एक एक लाख रूपये मांग जा रहे है। आप ही बताएं कि जो लडका इस तरह से रि वत देकर नौकरी लेगा वह इस प्रान्त का किस तरह से भला कर सकेगा?

इसलिये मैं आपके जरिये इस सरकार से कहूंगा कि इस बोर्ड को मुअतल कर दिया जाए। दूसरे जिन बच्चों से एसएसएस बोर्ड के चेयरमैन ने पैसे लिये हैं उनको उन के पैसे वापिस दिलवाए जाएं। चेयरमैन साहब इतना ही नहीं बल्कि किसी हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जज से इन बातों की जांच भी करवाई जाए और जो दोशी पाया जाये उसे दंड दिया जाए। चेयरमैन साहब, एक लडका हरी सिंह घूल नाम का है वह बेचारा कांग्रेस (आई) का वर्कर है। छोटी मोटी दवाईयां बेचकर अपना गुजारा किया करता था। उसकी एसएसएस बोर्ड में इंटरव्यू हुई वह सिलैक्ट हो गया, मैंने उसे मुबारिकबाद दी। उसने आगे से कहा कि मुबारिकबाद किस बात की ऐसे ही सिलैक ान नहीं हुई बल्कि 11 हजार रूपया दिया है। (ाोर व व्यवधान)

श्री सभापतिः पोहलू साहब, आप किसी का नाम न लें, वैसे आप जो कहना चाहते हैं कहें (ाोर)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: डिप्टी स्पीकार साहब, मैं कह रहा था कि उस लडके ने नौकरी लैने के लिए 11 हजार रूपये दिये है। बडे अफसोस की बात है कि हम 90 के 90 एमएलएज यहां पर बैठे है और हमारे हरियाणा के अन्दर इस तरह की बातें हो रही है और हम इस बारे में कुछ नहीं कर रहे है। यह हमारे लिए कितने भार्म की बात है। मैं तो यह कहूंगा कि इस बोर्ड को तोडकर नया बोर्ड बनाया जाए। चेयरमैन साहब, मैं यह नहीं कहता कि कांग्रेस (आई) में जितने वजीर और एमएलएज है वे सारे ही बेईमान है। बहुत से लोग इनमें समझदर और ईमानदार भी हैं लेकिन ईमानदार आदमी पर यहां पर कोई ठिकाना नहीं है। जैसे राव राम नारायण जी है वे बडे ही सज्जन पुरूश है। ईमानदार वजीर थे लेकिन उन्हें वजारत से हटा दिया गया। इनकी ईमानदारी के कारण ही इनको बाहर फैंक दिया गया, यह कितने भार्म की बात है। अतः मेरी इस सरकार से आपके द्वारा अर्ज है कि यह जो करप् ान दिन ब दिन बढती जा रही है इसकी तरफ ध्यान दिया जाए।

चेयरमैन साहब, अब मैं आपका और इस सदन का ध्यान एक ओर मसले की ओर दिलाना चाहता हूं। हरियाणा की जनता आज बडी जागरूक है पढी लिखी है वह इस सरकार के बहकावे में नहीं आएगी। चेयरमैन साहब, सन 1966 में हरियाणा और पंजाब अलग हुए इनके बंटवारे के लिए भााह कमि ान बैठा था ताकि पंजाब और हरियाणा की बांउडरीज का निर्णय किया जा

सके। भााह कमि ान ने अपनी रिपोर्ट में चण्डीगढ हरियाणा को दिया लेकिन आज तक चण्डीगढ हरियाणा को नहीं दिया और फाजिल्का व अबोहर का इलाका हरियाणा को दे दिया। अबोहर फाजिल्का भी अभी तक हरियाणा को नहीं मिला। इस बारे में चौधरी बंसीलाल जी ने बडा जोर लगाया। चेयरमैन साहब रिवाडी के अन्दर अहीरों के सैंकडों लडके चण्डीगढ के इ क पर ही मारे गये लेकिन सरकार अभी तक चण्डीगढ को नहीं ले सकी है। राव बीरेन्द्र सिंह जी की बजारत में मैं भी वजीर था। हम पर भी इस तरह का दवाब डाला गया था कि चण्डीगढ पंजाब की ही हमने यह भी मांग की कि लालडू डेरा बरसी, अबोहर फाजिल्का वगैरह का जो हिन्दी स्पीकिंग एरिया है वह भी हमें दिलवाया जाए लेकिन आज की सरकार ऐसा करने में अभी तक नाकामयाब रही है। इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि इस सरकार से दोबारा सैन्ट्रल गवर्नमेंट को इस बारे में लिखवाया जाए और मैं खुद बैठकर लिखवाउंगा (हंसी एवं भाोर)

चेयरमैन साहब, मैं रावी ब्यास के पानी के बंटवारे में भी बताना चाहता हूं कि 1 नवम्बर 1966 को हरियाणा बना था। आज हरियाणा को बने हुए 16 साल हो गए हैं लेकिन आज तक यह पानी का बंटवारा नहीं करवा पाये है। चौधरी बंसी लाल जी के समय में फैसला हुआ था कि रावी ब्यास का 3.5 मिलियन एकड फीट पानी हरियाणा को और आधा पानी पंजाब की तरफ जाएगा। पंजाब को यह पानी बराबर जा रहा है लेकिन हम अपना हिस्सा

नहीं ले सके। अगर इतने सालों में इस सरकार से कुछ नहीं हो सका तो आज यह सरकार किस तरीके से अपने हिस्से का पानी ले लेगी। जो फैसला आज से 6 साल पहले हुआ था वहीं फैसला आज है। यह सरकार झूठ बोल रही है कि हम अपने हिस्से का पानी ले कर छोडेंगे। यह तो वही बात हुई कि जिस प्रकार से किसी गांव में मुरबबाबन्दी से पहले गांव के खेतों में कई घरों की जमीन पर जोहड होता था और उसमें सभी प ाुओं को पानी पिला सकते थे लेकिन जब मुरबबाबन्दी हो गई तो जिस खेत में जोहड था वह हिस्सा किसी तगडे जमींदार के पास चला गया। उस तगडे जमींदार ने कहा कि अब इस जोहड में गांव का कोई आदमी प ाुओं को पानी नहीं पिला सकता। लोगों ने प ाुओं को पानी पिलाना बन्द कर दिया परन्तु छह सालों के बाद सारा गांव इक्टठा हुआ कि यह तो गलत बात हुई। सबने फैसला किया कि सब लोग उसी जोहड में पानी पिलाएंगे तो फिर सभी लोगों ने पानी पिलाना भाुरू कर दिया। इसी प्रकार की रावि ब्यास के पानी की स्थिति है।

चेयरमैन साहब, मेरा कहना यह है कि हरियाणा को कोई पानी नहीं मिलेगा। यह तो केवल इलैक ान का ढोल पीट रहा है और लोगों को यूं ही गुमराह कर रहे हैं। मैं तो यह कहूंगा कि अगर श्रीमति इंदिरा गांधी ईमानदारी से पानी देना चाहती है तो पंजाब और हरियाणा की सरकारों को मुअतल कर दें। मैं तो यह भी चाहता हूं कि अगर हरियाणा और पंजाब की

सरकारों को डिसमिस कर दें तो पानी के बंटवारे की बात बन जाती है।

चेयरमैन साहब, यहां पर बीस सूत्री प्रोग्राम का नाम लेकर बडा भाोर मचाया गया। मेरे भाई सुरेन्द्र सिंह ने भी बीस सूत्री कार्यक्रम पर बहुत जोर दिया। मैं इनको बताना चाहता हूं कि यहां पर सूतली से कोई काम नहीं चलेगा। रस्सा लेना पडेगा। बीस सूत्री प्रोग्राम में यह कहते है कि लोगों को कर्जा दे दो। ऐसा करके तो ये लोगों को गुलाम बनाना चाहते है। अगर सरकार असली मायनों में लोगों का भला करना चाहती है तो उसे फौरन भाहरी जायदाद का बंटवारा कर देना चाहिए। आज भाहरों में एक आदमी के पास सिनेमा भी है कारखाने भी हैं और बडी बडी कोठियां भी हैं लेकिन उनको कोई पूछने वाला नहीं है। मैं चाहता हूं जैसे गांवों में हमारी जमीनों पर सीलिंग लगाई गई है उसी हिसाब से भाहरी जायदाद पर भी सीलिंग लगाई जाए और जो सरप्लस जायदाद हो उसे गरीबों में बांट दिया जाये। अगर आप सही मायनों में सो ालिस्टिक पैट्रन आफ सोसायटी चाहते हैं तो फालतू जमीन को गरीबों में बांट दिया जाए। There must be ceiling on property, whether it is rural or urban. ऐसा करने से चाहे देहाती जगह हो चाहे भाहरी हो बेरोजगारी खत्म हो जाएगी, लूट खत्म हो जाएगी और मंहगाई भी खत्म हो जाएगी। इस सारी बीमारी का इलाज भाहरी जायदाद बांटने से हो जाएगा। यह सरकार कहीं पर मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड बना रही है कहीं पर

हरिजन की भलाई का बोर्ड बना रही है और कहीं पर वीकर सैक ांज की तरक्की के लिए बोर्ड बना रही है। ऐसा करके यह सूखा ढोल पीट रही है। मेरे कहने का मतलब यह है कि बीस सूत्री प्रोग्राम से कुछ नहीं बनेगा बल्कि इसके लिए बडे बडे कदम उठाने पडेंगे। इसके बाद गवर्नर साहब के एड्रैस में लिखा गया है कि कर्जा बांट दो। यह गरीबों के साथ खिलवाड हो रहा है। बडे बडे कारखानेदारों को तो करोडों रूपए की सबसिडी दी जाती है लेकिन जो गरीब आदमी हैं उनको थोडे से कर्जे के लिए जेलों में बन्द कर दिया जाता है। आपने सुना होगा कि हांसी तहसील में एक आदमी के नाम दो हजार रूपया कर्जा था उसको जेल में बन्द कर दिया गया। पता नहीं वह जेल में खुद मर गया या उसे मार दिया गया। मेरे कहने का मतलब यह है कि बडे बडे साहूकारों को कुछ नहीं कहा जाता। इस एड्रैस में सबसे पहली बात यह लिखनी चाहिए कि सारे सरकारी कर्जे माफ किए जायेंगे ओर जो प्राईवेट कर्जे है उनका सरकार लेन देन करवाए। रोहतक में तो प्राईवेट कर्जे कम हैं लेकिन करनाल, अम्बाला ओर जींद तथा कुरूक्षेत्र के इलाके के लोग तो प्राइवेट कर्जे के नीचे बिल्कुल दबे पडे है। इसके बाद में यह कहना चाहता हूं कि हस्पतालों में दवाईयां बिल्कुल नहीं मिलती। गरीब लोग बगैर दवाईयों के मर जाते है। मैं चाहता हूं कि सारे हरियाणा में फ्री इलाज होना चाहिए ताकि किसी गरीब आदमी को बाजार से दवाई न लानी पडे। पिछली 15 तारीख को मैं भिवानी गया था। वहां एक गरीब को दो अढाई साल का बच्चा मर गया। मैंने पूछा कि यह बच्चा कैसे मर गया

तो बताया गया कि यह सर्दी से मर गया है। यह हालत है आज गरीबों की। नागर साहब तो सबका मुफ्त इलाज करना चाहते हैं लेकिन ये दूसरे लोग उन्हें ऐसा नहीं करने देते।

इसके बाद मैं एजूके ान के बारे में कहना चाहता हूं। अगर सरकार एजूके ान को बढावा देना चाहती है तो सबसे पहले इसे एजूके ान को ने ानेलाइज करना चाहिए। सबको पढाई का बराबर मौका दिया जाए। गरीबों और अमीरों के लडकों के लिए एक जैसे स्कूल होने चाहिएं। (घंटी) चेयरमैन साहब मैं अपनी पार्टी का लीडर हूं लेकिन आपने अभी से घंटी बजा दी। तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जो पक्के खाल बनाए जा रहे है उनमें बहुत हेराफेरी हो रही है। उनमें अच्छा मैटिरियल नहीं लगता हैं जिन अफसरों का इसमें कसूर है उनको सजा दी जाए। अगर खालों को अच्छी तरह से पक्का किया जाएगा और मैटिरियल ठीक लगेगा तो इससे पानी बढेगा जिससे सरकार को भी ज्यादा आमदनी होगी। इसके बाद मैं यह चाहता हू कि एक परिवार एक रोजगारा होना चाहिए और यह बात गवर्नर एड्रैस में लिखी जाए।

इसके बाद में ला एंड आर्डर के बारे में कहना चाहता हूं। आज हरियाणा में ला एंड आर्डर की हालत चारों तरफ बहुत खराब है। आज जगह जगह डाके पड रहे हैं। चौधरी पटटी में 18 फरवरी को डाका पडा लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। यही नहीं मैंने खुद एक थानेदार और हैड कान्सटेबल के खिलाफ लिख कर दिया। उस बारे में पहले हुकम दे दिया गया कि हैड

कान्सटेबल को बदल दो लेकिन बाद में वह आर्डर कैंसिल कर दिया गया। मैंने पूछाय कि क्या बात हैं तो पता चला कि डीआईजी पचंकूला में मकान बना रहे हैं और स्लीपरों के लिए पांच हजार रूपए मांग रहे है। इसके बाद में यह चाहता हूं कि कैथल को जिला बनाया जाए।

श्री सभापतिः पोहलू साहब, अब आप बैठिए। अब कमला वर्मा जी बोलेंगी।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः चेयरमैन साहब, ये सब घोशणा मंत्री है– (ाोर)

श्री सभापतिः पोहलू साहब, आप मेरी इजाजत के बगैर बोल रहे हैं जबकि मैं श्रीमति कमला वर्मा को बोलने के लिए कह चुका हूं। आप कृपया बैठिए वरना मैं आपको नेम कर दूंगा। आप हाउस को डैकोरम मेनटेन करें।

श्रीमति डा0 कमला वर्माः चेयरमैन साहब, मैं राज्यपाल महोदय के अभिभाशण का विरोध करने के लिए खडी हुई हूं। इसमें इस अनैतिक सरकार के जो निक्कमें काम है उनका वर्णन न करके केवल मात्र उन बातों को कहा गया है जो बिल्कुल गलत है। आप इस अभिभाशण के पृश्ठ 4 पर देखें जहां पर सतलुज यमुना नहर और रावी ब्यास के पानी का वर्णन किया गया है। मैं जानना चाहती हूं कि किस खु ाी में पानीपत रैस्ट हाउस और हरियाणा भवन दिल्ली में बिजली लगाई गई? जब पहले सैन्ट्रल

सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया तो उस समय कुल पानी 15.5 एमएएफ था अब इस समय निर्णय लेते समय पानी 17.7 एमएएफ है लेकिन उसके बावजूद भी हरियाणा को वही पुराना 3.5 एमएएफ हिस्सा मिला और पंजाब तथा राजस्थान को ज्यादा हिस्सा मिला। फिर सात साल तक राजस्थान ने कोई नहर नहीं बनानी और उसके हिस्से का पानी भी सात साल तक पंजाब को दे दिया। अधिक पानी होने से कुछ अधिक भाग मिलना चाहिए था। उस हिस्से को हरियाणा के मुख्यमंत्री नहीं ले सके। ऐसा करके इन्होंने लोगों की आंखों के आगे धूल झौंकी है। इन्होंने मिठाई बांटी और कहा खु ा हो जाओ हरियाणा को पानी दे दिया है। सभापति महोदय हरियाणा की जनता को आज भी यह भाक है कि पंजाब का किसान हरियाणा के किसान को नहर खोदने के लिए अपनी जमीन में कसी नहीं लगाने देगा। हरियाणा में पानी लाने के लिए जो नहर खोदनी है उसके लिए पंजाब के लोग कमर कसकर खडे हो गए है। कि हम नहर नहीं बनाने देंगे। इसलिए कई बार यह भाक होता है कि जिन उग्रवादी तत्वों ने पंजाब प्रांत में हलचल मचा रखी है उनको भाांत और काम को प्रारम्भ करने के लिए केंद्र को यह निर्णय लेना पडा। सभापति महोदय, इस सरकार ने हरियाणा की जनता के हितों को छीना है क्योंकि हरियाणा में पानी लाने के लिए पंजाब के एरिया में जो नहर खोदी जाएगी पहले उसको 7500 क्यूसिक पानी की कैपेसिटी थी लेकिन अब वह वर्तमान निर्णय से नहर की चौडाई की खुदाई कम होने से 6500 क्यूसिक हो जाएगी जिसके कारण हरियाणा के किसानों को और

भी कम पानी मिलेगा। सभापति महोदय, इसके अलावा मैं भाखडा रोपड हरिके पतन डैम के बारे में कहना चाहती हूं। उसके बारे में अभी तक यह नहीं पता कि उसका नियंत्रण किसके हाथ में होगा। केंद्र के कहने के बाद भी पंजाब के मुख्यमंत्री का अखबारों में बयान आया कि यह डैम हम अपने ही नियंत्रण में रखेगें। इसका मतलब यह हुआ कि जब पंजाब सरकार की इच्छा होगी उस समय हरियाणा को बिजली मिल जाएगी और यदि इच्छा नहीं होगी तो नहीं मिलेगी। सभापति महोदय अब मैं पक्के खालों के बारे में कहना चाहती हूं। यह सरकार कहती है कि वर्ल्ड बैंक से कर्जा लेकर या अन्य साधनों से हरियाणा के अन्दर पक्के खाल बनाए जा रहे है पानी की बचत होगी, किसान को लाभ होगा परन्तु पक्के खालों का खर्चा किसानों को देना पडेगा। सभापति महोदय, इस सरकार ने खाद बहुत मंहगी कर दी और बीज भी महंगे कर दिया। इसके अलावा किसानों को समय पर बिजली नहीं मिलती और ट्रैक्टरों की कीमतें बढने के कारण सारे किसान कर्जदार हुए बैठै है। कृशि के हर साधन महंगें है इन सब कठिनाइयों के अतिरिक्त सरकार का पक्के खालों को खर्चा किसानों से मांगना उन्हें तंग करने वाली बात है। गवर्नर एड्रैस में यह सरकार कहमी है कि हम किसानों के हितैशी है। सभापति महोदय इस सरकार के कार्यकलापों से यह सिद्ध होता है कि यह सरकार किसानों के विरूद्ध और उनको हर प्रकाार से दबाकर रखना चाहती है। कल एक काल अटैं ान मो ान का जबाव देते हुए बिजली मंत्री ने बहुत बडी बडी डींगे मारीं और कहा कि पानीपत में एक थर्मल

प्लांट चल रहा है और यमुनानगर में एक हाईडल प्रोजैक्ट बनाया जा रहा है। सभापति महोदय, मैं पिछले तीन महीनों में अपने हल्के के हर गांव में जाकर आई हूं। उस समय मुझे हर किसान ने कहा कि हर दूसरे या तीसरे दिन हम को दो या तीन घंटे रात्रि में बिजली मिलती है। हमें रात के समय रोटी अंधेरे में खानी पडती है। नगर में भी घरेलू कामकाज के लिए बिजली प्रांतः 7 या 8 बजे चली जाती है और रात के समय 7 बजे के बाद बिजली आती है। सभापति महोदय, यमुना नगर इंडस्ट्रीयल कम्पलैक्स है। इस सरकार ने वहां पर बिजली की सप्लाई पर 40 परसैंट कट लगाकर हजारों मजदूर बेकार कर दिए है। आज ही प्र नकाल के दौरान खाद्य एवं पूर्ति मंत्री के एक प्र न के उत्तर में सुना था कि आम आदमी को सीमेंट इसलिए नहीं मिल रहा क्योंकि सीमेंट फैक्टरी पर बिजली का कट लगने के कारण इंडस्ट्रीज की तरफ से सीमेंट नहीं मिल सका जिस कारण 6 मास से आम आदमी को सीमेंट नही मिल रहा। सभापति महोदय, बिजली पर कट लगाने के कारण फरीदाबाद, सोनीपत और यमुनानगर में लगभग 25 हजार मजदूर बेकार हुए। जब रात्रि की सर्दी में ठिठुरता हुआ दूर–दूर गांव से आने वाला मजदूर कारखाने के अंदर काम करने के लिए जाता है तो कारखाने का मालिक उसको कहता हैं कि बिजली नहीं है इसलिए आप वापिस चले जाओ, तो उसके दिल पर क्या बितती है। अध्यक्ष महोदय, बिजली पर निरन्तर कट लगा कर यह सरकार हरियाणा के गरीब मजदूरों के साथ खिलवाड कर रही है। पिछले सै ान में भी मुख्यमंत्री जी ने कहा था और अखबारों में भी

इनका ब्यान आया था कि बहुत से आदमी विदे ाों से आकर हरियाणा के अन्दर बडे बडे उद्योग लगाएंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से यह कहना चाहती हूं कि हरियाणा के अन्दर स्माल स्केल इंडस्ट्रीज पहले की काफी लगी हुई है वे सारी बिजली के अभाव के कारण सिसक रही है लेकिन इसके बावजूद भी मुख्यमंत्री जी कहते है कि लोग विदे ाों से आकर हरियाणा में बडे बडे उद्योग लगाएंगे। इनकी यह बात ठीक है कि मुख्यमंत्री के नाते विदे ों की सैर करने का यह मौका नहीं खोना चाहिए था। वे विदे ा चले गए और सारे वि व की सैर कर ली पर यह कहना कि ये विदे ाों में उद्योगपतियों को हरियाणा में इंडस्ट्रीज लगाने के लिए नियंत्रण देने के लिए गए थे, भम्र हो ही है। मैं इनसे यह जानना चाहती हूं कि हरियाणा के अन्दर कौन से नए उद्योग लगेंगे जबकि यहां पर बिजली का अभाव पहले ही है। अध्यक्ष महोदय, पहले हरियाणा में जितने उद्योग लगें है उनको बिजली की कमी तो पूरी कर लें। फिर मुख्यमंत्री जी नए नए उद्योगपतियों को यहां पर उद्योग लगाने के लिए निमन्त्रण देकर हरियाणा की जनता के साथ बहुत धोखा कर रहे है। अध्यक्ष महोदय, मैं मार्किटिंग बोर्ड के बारे में ये कहना चाहती हूं मुख्यमंत्री हरियाणा के अन्दर मंडियों का ि ालान्यास कर रहे है। सरकार की यह बात ठीक है कि हरियाणा के विकास के लिए अनाज मंडियां बनानी चाहती हैं अध्यक्ष महोदय, इस सरकार से मेरी प्रार्थना है कि जब यह सरकार किसनों की लहलहाती हुई खेती की जमीन एक्वायर करती है जिनकी धरती

सोना उगलती है कम से कम उनको, उनकी जमीन की कीमत तो पूरी दे लेकिन यह सरकार किसानों को उनकी जमीन की कीमत पूरी नहीं देती। किसानों को कोर्ट में जाना पडता है और कोर्ट जमीन की कीमत बढा देती है। फिर सरकार का सप्लीमेंटरी बजट आता है और उसके अन्दर कोर्ट द्वारा बढाए हुए पैसे की मांग की जाती है। इसके लिए सरकार को पहले ही ध्यान रखना चाहिए कि जो दो या तीन एकड जमीन वाले छोटे किसान हैं जिनकी भूमि अधिग्रहण कर ली, अब उनके पास बच्चों के लिए मकान कौडियों के भाव देती है। अध्यक्ष महोदय, इसका उदाहरण यमुनानगर के पास एक गांव गोंदपुरा है। वहां पर गरीब किसानों की जमीन इस सरकार ने मिटटी के भाव एक्वायर की है। वहां पर गरीब किसानों की जमीन इस सरकार ने मिटटी के भाव एक्वायर की है। मैं इस सरकार से कहना चाहती हूं कि वह ऐसी जमीन एक्वायर कर ले जो सरप्लस जमीन पडी हुई हो या पंचायत की फालतू जमीन पडी हुई हो, थोडी जमीन वालों को बेघर न करे।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं ि ाक्षा के बारे में कहना चाहती हूं। ि ाक्षा हमारे राश्ट्र का आधार है। हमारे बच्चे पढ लिखकर इस दे ा के विकास में सहायक होंगे लेकिन मुझे बडे दुख के साथ कहना पडता हैं कि कुछ राजनीतिक कारणों से हरियाणा ि ाक्षा बोर्ड चंडीगढ से भिवानी ि ाफट कर दिया गया है। भिवानी में आज ि ाक्षा बोर्ड पांच हिस्सों के अन्दर अलग–अलग भवनों में बंटा हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मैं ि ाक्षा बोर्ड की

कार्यकु ालता और कार्यक्षमता के बारे में एक बात कहना चाहती हूं। कल मेरे नैतिक ि ाक्षा परप बोलने के समय ि ाक्षा मंत्री जी नहीं माने पर जो कुछ मार्च 1981 में और 1982 में समाचार पत्रों में बोर्ड की अकु ालता के बारे में छपा, उसके कुछ पृश्ठ मेरे पास पडे हैं। उस ब्यान में कहा गया है कि 1981 में हरियाणा ि ाक्षा बोर्ड के पेपर लीक किए गए है। अध्यक्ष महोदय लोगों को 1982 के पेपर भी लीक होने का भाक है। इसके अतिरिक्त मैं एक और बात कहना चाहती हूं कि बच्चों के एग्जाम सिर पर आ जाते हैं लेकिन किताबें नहीं छपती है अध्यक्ष महोदय बच्चे 1982 की परीक्षा दे रहे है लेकिन हिन्दी व्याकरण और निबंध की पुस्तकें बच्चों को अभी तक नहीं मिली थी। इसी तरह से 1981 में हुआ था अंत तक पुस्तकें नही मिली थी। अध्यक्ष महोदय, मैं इस सरकार से यह जानना चाहती हूं कि क्या ि ाक्षा बोर्ड को भिवानी ि ाफ्ट करने के बाद उसकी कार्यकु ालता बढी है? फरवरी 1982 की हिन्दी व्याकरण की किताब में एक निबंध छपा है कि श्री मोरार जी देसाई भारत के प्रधानमंत्री हैं जब सरकार और बोर्ड के अधिकारियों ने वह पुस्तक देखी तो उस किताब को प्रका ान के लिए दोबारा भेज दिया गया चूंकि प्रधानमंत्री तो श्रीमति इंदिरा गांधी है। मैं इस सरकार से कहना चाहती हूं कि आप गरीब जनता के पैसे के साथ खिलवाड क्यों कर रहे हो। अतः प्रका ान में कितना धन नश्ट हुआ होगा। अध्यक्ष महोदय, अध्यापक को ि ाक्षा की रीढ की हडडी माना जाता है पर यह सरकार उनकी आव यकतों और भावनाओं का ध्यान नहीं करती। गवर्नमेंट स्कूल

के अध्यापकों के ग्रेड 1–4–1979 को रिवाइज हो गए थे लेकिन प्राईवेट स्कूलों के अध्यापकों के ग्रेड 1–4–1981से रिवाईज किए गए उनको दो वर्श का घाटा क्यों? अध्यक्ष महोदय, यह कहते हुए मुझे बडी प्रसन्नता हो रही है जब हमारी जनता पार्टी की सरकार थी उस समय हने प्राइवेट कालेजों को 95 परसैंट ग्रांट दी थी मैडिकल फैसिलिटी दी थी और हाउस रैट दिया था। इस प्रकार की और भी सुविधाएं दी थी। लेकिन यह सरकार आज प्राइवेट स्कूल अध्यापकों को ऐसी कोई भी सुविधा नहीं दे रही है। अध्यक्ष महोदय, राश्ट्र का निर्माण करने वाले अध्यापक असंतुश्ट रहेंगे तो वे राश्ट्र के निर्माण में सहायक नहीं बन सकेंगे। इसलिए मैं ि ाक्षा मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि ि ाक्षा के अन्दर इस प्रकार विद्यालय व महाविद्यालय के अध्यापकों के लिए भेदभाव नहीं बरता जाना चाहिए। इसके साथ साथ में 10+2 स्कीम के बारे में कहना चाहती हूं। पिछले वर्श उसके लिए डीपीआई ने एक करोड 10 लाख रूपए की स्कीम सरकान के पास भेजी थी लेकिन वह योजना हरियाणा के अन्दर राजनीतिक कारणों से रोक दी गई है। सारे भारत में 17 प्रान्तों में वह स्कीम चल रही है। हरियाणा में वह योजना लागू न होने के कारण हरियाणा के बच्चे आल इंडिया कम्पीटि ान में स्थान नहीं ले पाते। अध्यक्ष महोदय, अखिल भारतीय एनटीआरसी के एग्जाम होते हैं पिछले 10 वर्शो से उसमें हरियाणा के केवल 8 या 9 बच्चे चुन कर आ सके है। यह मानना पडेगा, हरियाणा के अन्दर ि ाक्षा का स्तर इतना गिर गया हैं कि

आज हरियाणा का बच्चा आल इंडिया लेवल के कम्पीटि ान में नहीं आ पाता है।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं स्वास्थ्य विभाग के बारे में कहना चाहती हूं। सारे हरियाणा के अन्दर कुरूक्षेत्र में आयुर्वेदिक ि ाक्षा का एक ही कालेज है लेकिन उस के अन्दर कई मासों से प्रिंसिपल नहीं है और उस कालेज के अन्दर जो पढाने वाले अध्यापक है वे अपने विशय में पूरी तरह से पारंगत नहीं है। इसके अलावा वहां पर प्रैक्टिकल के लिए अस्पताल नहीं है और न ही प्रैक्टिकल सीखने के लिए कोई इक्विपमैंट है। परीक्षा देने के बाद भी हम कैसे आ ाा करें कि वह अच्छे आयुर्वेदिक डाक्टर बनेंगे जब उन्हें साधन ही नहीं है।

स्पीकर साहब, इसके साथ साथ में मैडिकल कालेज, रोहतक का भी जिक करना चाहूंगी। रोहतक मैडिकल कालेज के अन्दर भी डिस्कि ानरी कोटे में भर्ती की जा रही है। यह ठीक है मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री स्वैच्छिक कोटे से अपने परिचितों व सम्बन्धियों को प्लाट दे सकते है। कृशि की भूमि भी बांट सकते है। लेकिन यह उचित नहीं कि मैडिकल कालेज के अन्दर योग्य बच्चों की उपेक्षा करके डिस्कि ानरी कोटे से विद्यार्थियों को लिया जाए। वहां पर जिसको भी लिया जाये नियमों के अनुसार मैरिट के आधार पर लेना चाहिये। यदि मैरिट के आधार पर नहीं लिए जाएंगे तो वे कैसे डाक्टर योग्य बनेंगे? उनसें हमारे राश्ट्र की हानि है। 8 सीटें मुख्यमंत्री ने कोटे से दी, कुछ बच्चे सुप्रीम

कोर्ट में गये और योग्यता के आधार पर सरकार को 11 बच्चे अन्य मेडिकल कोलजों में लेने पडें। (ोम भोम की आवाजें)

ऐसा करने से हमारी अपनी ही बदनामी है। हमारे हरियाणा का नाम बदनाम हो रहा है। वैसे भी रोहतक मैडिकल कालेज में व्यवस्था बहुत है। राश्ट्रीय भावना से ओतप्रोत विद्यार्थी रक्तदान करता है लेकिन मेडिकल कालेज में आज किसी निर्धन का खून बिना मूल्य उपलब्ध नहीं हो रहा है। आज वहां पर एक एक बोलत दो दो सौ, तीन तीन सौ रूपये में मिल रही है। इससे घटिया और क्या बात हो सकती हैं? आज कहीं पर कोई काम ठीक व्यवस्थित नहीं हैं। इससे इस सरकार को अक्षमता और अयोग्यता साफ जाहिर होती है। स्पीकर साहब, यमुना नगर के अन्दर 3 साल पहले एक हाउसिंग कालोनी बनाने के लिए घोशणा की गई थी लेकिन आज तक वहां पर हाउसिंग कालोनी बनानी तो दूर रही उसके लिए जमीन तक एक्वायर नहीं की गई है। चार लाख रूपया लोगों का जमा है। लोग निरा ा हैं। इसलिए इस संबंध में मेरा सरकार से अनुरोध है कि वे इस ओर ध्यान दें। आज ये डींग मार रहे हैं कि हमने इतने मकान बना दिए हैं। यमुनानगर में क्या वहां विरोधी पक्ष का विधायक होने से जनता के काम रोक दिये जायेंगे। मेरा सरकार से अनुरोध है 30 साल से क्यों कुछ नहीं हुआ है। इस काम को आपको जल्दी से जल्दी पूरा करना चाहिए। स्पीकर साहब आज चारों तरफ भ्रश्टाचार फैला हुआ है। (ाोर व विध्न)

श्री अध्यक्षः आप अपनी स्पीच समाप्त करें।

श्रीमति डा0 कमला वर्माः स्पीकर साहब, ये सीमेंट की बात कर रहे हैं आज न किसी को सीमेंट मिल रहा है और न ही किसी को मिटटी का तेल आदि मिल रहा है। (ाोर) गांव में डिपो वाला मिटटी का तेल लाता नहीं आज गांव के अन्दर रहने वाले हरिजन व मजदूर को भाहर में जाकर एक एक तेल की बोतल के लिए 4 रूपए 50 पैसे देकर ब्लैक में खरीदना पडता है।

सरकार कहती है कि हमने हरिजन कालोनी के अन्दर बिजली पहुंचा दी है। इस संबंध में मैं कहना चाहूंगी कि यह सिर्फ इनके कागजों तक ही सीमित है। कहीं पर भी हरिजन बस्ती के अन्दर गलियों में बिजली नहीं पहुंचाई। गांव में हरिजन बस्ती के बाहर फिरनी पर चार बल्व लगा दिए है। इन चार बल्वों को लगाकर यह कह रहे हैं कि हमने हरिजनों की बस्ती के अन्दर बिजली पहुंचा दी है। जो चार बल्व लगाये हैं वे भी ठीक नहीं लगे हैं। इन खम्भों पर बल्व लगाकर उपर रोड नहीं लगाए। जब कभी आंधी या बारि ा आ जाती है तो वे टूट कर गिर जाते हैं या फयूज हो जाते है। एक बार लगाने के बाद दुबारा बल्व बदलने का नाम नहीं लिया जाता। हरिजन बस्तियों के अन्दर आज भी अंधेरा हैं। ये सरासर गलत बात कह रहे हैं। कोई बल्ब टूट जाता है तो वह वहीं के लोग ही लगाते हैं। यदि मुख्यमंत्री चाहें तो ऐसे मैं बीसियों गांव दिखा सकती हूं। आजकल जो पंचायत की भाामलात जमीन ठेके पर दी जा रही है वह ठीक प्रकार से नहीं

बांटा जा रही। इसके लिए कुछ एक उदाहरण मैं आपको दे सकती हूं। हमारे राजस्व मंत्री के एक रि तेदार है या मित्र हैं इन्होंने दौलतपुर के अन्दर 20 किल्ले जमीन बहुत कम रूपयों में ठेके पर ले ली है। उसी सज्जन ने मछली पालन का कर्जा भी सरकार से लिया पर मछली पालन का काम नीह किया, क्या यह धोखा नहीं है। वह एक अच्छा वकील है। अच्छे खाते–पीते घर का है। किसी गरीब हरिजन को भूमि दी जाती तो दुख नहीं था। इसी प्रकार से कैत गांव में मंत्री के एक रि तेदार को 16 किल्ले जमीन दे दी गई। छछरौली के अन्दर भी 8 किल्ले जमीन अपने ही व्यक्ति हो दे दी। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि इस सारे मामले की जांच करनी चाहिए। क्योंकि यह जमीन गरीब लोगों में बांटी जाती तो बात समझ में आती लेकिन इस पर एक मंत्री के रि तेदारों द्वारा और मित्रों द्वारा ही कब्जा कर लेना उचित नहीं है। प्रत्यक्ष भ्रश्टाचार है। (घंटी) अध्यक्ष महोदय मैं दो–चार मिनट और लेना चाहूंगी। मुझे एक बात ला एण्ड आर्डर के बारे में कहनी है। आज से 2–3 महीने पहले यमुनानगर के बस डिपो से 18 हजार रूपये की चोरी हुई थी लेकिन आज तक यह पता नहीं चल सका कि अपराधी कौन है? इसी प्रकार से अभी करीब दो मास पहले फिर यमुनानगर बस डिपो में ही एक और चोरी सवा लाख रूपये की हुई है। उसका भी आज तक पता नहीं चल सका। इसलिये मैं जानना चाहती हूं कि पुलिस क्या कर रही है? अपराधी आज तक क्यों नहीं पकडा गया। बैंकों में डकैती, बसों में लूटपाट, पुलिस की अकु ालता ही दिखाती है।

श्री अध्यक्षः आपका समय हो गया है इसीलिये समाप्त करें।

श्रीमति डा0 कमला वर्माः स्पीकर साहब, सिर्फ दो मिनट और बोलना चाहती हूं। अम्बाला जिले में बराडा में एक लज्जाजनक घटना घटी है। एक बहन डाक्टर के पस इलाज कराने के लिए जाती है। वह डाक्टर उससे बलात्कार करता है। भेद न खुल जाए इस भय से उसको कमरे में बंद करके मार दिया जाता है। इससे बडा अन्याय क्या हो सकता है। (ोम भोम की आवाजें) क्या यही कानून व्यवस्था है? वह डाक्टर क्वालीफाईड नहीं था। वह सातवीं पास है और किसी और का झूठा प्रमाण पत्र लेकर प्रैक्टिस करता रहा। स्पीकर साहब, अराजकता की कोई हद नहीं है। होली का दिन था। उस दिन सभी भाई बहनें मिलकर होली आपस में खेलते है लेकिन महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी के अन्दर कुछ गुन्डे दाखिल हो जाते हैं वे लडकियों के साथ छेडखानी करते हैं और प्रिसिंपल कोई एक ान नहीं लेता। इस प्रकार की कई और मिसालें है। अम्बाला में बलविन्द्र कौर कांड हरियाणा पर कलंक है।

श्री अध्यक्षः आपने बहुत समय ले लिया है। अब आप खत्म करें।

श्रीमति डा0 कमला वर्माः स्पीकर साहब, यमुनानगर के अन्दर जो हाईडल प्रोजैक्ट बन रहा है उसमें काफी घोटाला हो

रहा है। इसलिये मैं आपके द्वार सरकार से अनुरोध करती हूं कि इस मामले की पूरी छानबीन होनी चाहिए। (घंटी)

श्री अध्यक्षः आपने बहुत समय ले लिया है। इसलिये आप खत्म करें।

श्रीमति डा0 कमला वर्माः स्पीकर साहब, बातें तो बहुत हैं हरियाणा को आज की सरकार ने अनैतिकता और भ्रश्टाचार से लिप्त कर दिया है लेकिन आप मुझे बोलने का समय नहीं दे रहे है। इसलिए राज्पाल महोदय ने जो अभिभाशण दिया है उसका विरोध करते हुए अपना स्थान लेती हूं। धन्यवाद।

राव राम नारायणः अध्यक्ष महोदय, जो अभिभाशण राज्यपाल महोदय ने इस हाउस में दिया है उसका समर्थन करने के लिए खडा हुआ हूं। हमारी सरकार ने पिछडी जातियों और गरीब मजदूरों के लिए बहुत काम किए है। हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में उन्नति की है। जितना भी काम हमारी सरकार ने किया है वह बडा सराहनीय है लेकिन हरियाणा के अन्दर कुछ ऐसे भी हिस्से रहे है जो बहुत समय से पिछडे रहे हैं। हमारे हरियाणा का एक हिस्सा जिले हम साउथ हरियाणा कहते हैं वह किसी समय में झज्जर नवाब की स्टेट होती थी। 1857 में वहां पर जंगे–आजादी हुई थी। उस समय वहां के लोगों ने डटकर मुकाबला किया था। उस गदर से हमारी हार हो गई थी। बाद में उस इलाके को अंग्रेजों ने बहुत बुरी तरह से कुचला।

श्री अध्यक्षः राव साहब आप बैठ जाएं। अब वित्तमंत्री जी बजट पे ा करेंगे। (ोर)

औचित्य प्र न

इलैक ान ईयर में पूरा बजट पे ा करने सम्बन्धी

12.00 बजे

Mr. Speaker: Hon'ble Member, now the Finance Minister will present the Budget for the year 1982-83.

Chaudhri Ram Lal Wadhwa: Sir, on a point of order. I want to submit something.

Mr. Speaker: No point of order. It is time for the Finance Minister to present the Budget.

Chaudhri Ram Lal Wadhwa: Sir, it is a very serious matter. (Interruptions).

Mr. Speaker: Now the Finance Minister will present the Budget for the year 1982-83.

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, आप मेरा प्वायंट आफ आर्डर सुन लें। ये पूरा बजट पे ा नहीं कर सकते।

श्री अध्यक्षः आपको चाहिए था कि आप अपना प्वायंट आफ आर्डर पहले रेज करते। बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी ने बजट पे ा करने के लिए टाईम मुकर्रर कर रखा है। अगर आपको इस

बारे में कोई औबजैक ान था तो वह आपको पहले रोज करना चाहिए था। अब आप प्वायंट आफ आर्डर नहीं कर सकते क्योंकि फाइनैंस मिनिस्टर ने बजट पे ा करना है।

चौधरी राम लाल वधवा: सर, यह इलैक ान ईयर है। इसमें पूरा बजट पे ा नहीं हो सकता। आप कृपया मेरा प्वायंट आफ आर्डर सुन लें। (ाोर)

श्री अध्यक्ष: आप जल्दी से बोलें। I will not allow dilatory tactics.

Chaudhri Ram Lal Wadhwa: Sir, Rule 188 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly says-

"188. Tha Annual Financial Statement or the Statement of the Estimated Receipts and expenditure of the Government of the State in respect of every Financial year (hereinafter referred to as "the Budget") shall be presented to the Assembly on such day as the Governer may appoint".

Again kindly see page 595 of the book written by Kaul and Shakdher. It is written therein-

"In an election year Budgets may be presented twice-first to secure a Vote on Account for a few months and later in full."

Further I would request you to see to Note 5, wherein it is written-

"In 1957, 1962, 1967, Railway and General Budgets were presented twice. In 1971, the Budgets were presented once in the First Session of Fifth Lok Sabha on March 23, and 24, 1971, respectively. In 1977 also, the Budgets were presented once in the First Session on March 28, 1977 and again in the Second Session of the Sixth Lok Sabha on June 11 and 17, 1977, respectively."

स्पीकर साहब, हरियाणा असैम्बली के रूल्ज आफ प्रोसिजर एंड कंडक्ट आफ बिजनैस के रूल 199 को भी आप देख ले। मैं इसे पढना नहीं चाहता क्योंकि समय लग जाएगा। इसमें भी लिखा है कि ये केवल वोट आन अकांउट पे ा कर सकते है।

Finance Minster (Chaudhri Khurshid Ahmed): Sir, it is not at all obligatory but it is optional with the State Government whether to present a vote on account or budget for the full year. The State Governments which are confident of returning again, present Budget for the full year and accordingly I am doing it.

मुख्यमंत्री चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, यह स्टेट का मामला है। हमे ाा ऐसा होता रहा है। इनको तो खु ाी होनी चाहिए। (ाोर)

चौधरी उदय सिंह दलालः यह इल्लीगल है। यह हाई कोर्ट में चैंलेज होगा। कर्मचारियों को तनख्वाह मिलनी बंद हो जाएगी। (ाोर)

Mr. Speaker: Is there any precedent?

Chaudhri Khurshid Ahmed: Yes, Sir. (Interruptions and Noise)

Chaudhri Ram Lal Wadhwa: Sir, also see pages 608 & 609 of Kaul and Shakdher.

Mr. Speaker: No please. Please resume your seat. I have examined the point of order raised by Shri Ram Lal Wadhwa. There it nothing in our Rules which prevants the Finance Minister or the Government from presenting the Budget for the whole of the year. Whatever has been quoted from Kaul and Shakdher rates to Parliament. So far as the Vidhan Sabha is concerned, there are precedents in1967, 1972 and 1977 when elections were due but the Government presented Budgets for the whole year. On the basis of these previous practices the Finance Minister is entirely within his rights to present the Budget for the whole year. (Interruptions and noise).

Shirmati Sushma Swaraj: On a point of order, Sir.....

Mr. Speaker: No further point of order please. I over rule all points of order.

वाक आउट

Chaudhri Ram Lal Wadhwa: Then I walk out as a protest, (Chaudhri Ram Lal Wadhwa then staged a walk-out)

वर्श 1982–83 का बजट पे ा करना

श्री अध्यक्षः अब वित्तमंत्री महोदय वर्श 1982–83 का बजट पे ा करेंगे।

वित्तमंत्री (चौधरी खुर ीद अहमद): अध्यक्ष महोदय, इस गरिमामय सदन को बजट अनुमान 1982–83 प्रस्तुत करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। राश्ट्र एंव राज्य दोनों की ही अर्थ व्यवस्था में समाप्त होने वालने वर्श के दौरान हुई सराहनीय उन्नति के उपरान्त वर्श 1982–83 मे और भी अधिक उपलब्धियां होने की पूर्ण आ ाा है। माननीय प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा हमें दिये गये नये 20 सूत्री कार्यक्रम के सिद्धांतों के सहारे एवं ''श्रम एवं जयते'' के नारे को अपनाते हुए नये वर्श मे हम अव य ही महान सफलतायें प्राप्त कर सकेंगे। ओलावृश्टि एवं सूखे आदि की आपदायें लगातार 1977 से हमारा पीछा कर रही है एवं इनके दौरान राज्य सरकार द्वारा पीड़ितों को तुरंत एव बार बार सहायता दी गयी जिसके अभाव मे पीड़ित व्यक्तियों की अवस्था और भी दयनीय हो जाती एवं हमारी सारी उपलब्धियां भून्य हो जाती। इसकी करूणामय यादगारों को तेजी से पीछे छोड़ते हुए हम अब भविश्य का सामना नई आ ााओं एवं नये वि वास के साथ करने जा रहे है।

वर्श 1975 मे भी प्रधान मंत्री श्रमती इंदिरा गांधी ने मौलिक 20 सूत्री कार्यक्रम द्वारा राश्ट्र को उन्नति की और ले जाने के लिये और भारतीय समाज के कमजोर तथा गरीब लोगों के भाग्य को बेहतर बनाने के लिए आहवान किया था। तब से प्राप्त

किये जा चुके अनुक लक्ष्यों, बदलती हुई आर्थिक एवं सामाजिक स्थितियों और अर्थव्यवस्था के सामने नई नई चुनौतियों के कारण यह जरूरी हो गया था कि 1975 के 20 सूत्री कार्यक्रम को नया रूप तथा नया ढांचा दिया जाये। अतः अब राश्ट्र को एक नया कार्यक्रम दिया गया है ताकि अर्थव्यवस्था मे और प्रगति हो सके तथा दलित लोगों का उत्थान हो सके। हरियाणा सरकार ने इस नये कार्यक्रम को काफी जो ा के साथ कार्यरूप देने का संकल्प लिया है और यह इस सच्चाई को मानती है कि मेहनत का स्थान कोई दूसरी चीज नही ले सकती। 'श्री एव जयते' भाब्दों मे इसी सच्चाई पर जोर दिया गया है। वर्श 1982 ''उत्पादकता वर्श'' है और सरकार का यह संकल्प है कि वह सभी उद्यमों मे लगातार अधिक से अधिक उत्पादकता प्राप्त करें ताकि राज्य आगे बढ़ सके।

आर्थिक स्थिति

राज्य की आर्थिक स्थिति मे वर्श 1981–82 के दौरान स्पश्अ रूप से सुधार हुआ है। वर्श के दौरान मुद्रास्फीति (इन्फमे ान) मे साफ तौर से कमी आई है। जैसा कि थोक मूल्य सूचक अंकों से पता चलता है, दे ा मे मुद्रास्फीति की वार्शिक दर 16 जनवरी, 1982 को घट कर 5.4 प्रति ात हो गई जबकि यह 17 जनवरी, 1981 को 16.2 प्रति ात थी। यह मंदी धीरे धीरे राश्ट्रीय उपभोक्ता मूल्य सूचक अंकों मे भी दिखाई दे रही है जो कि अगस्त, 1981 के 14.4 प्रति ात के मुकाबले मे दिसम्बर 1981 मे घट कर 12.7 प्रति ात हो गये थे। 1960 को आधार मानते हुये अखिल भारतीय श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचक अंकों मे मार्च, 1981 और अक्तूबर 1981 के बीच 9.5 प्रति ात की वृद्धि हुई जबकि ये अंक 420 से बढ़ कर 460 हो गये थे। 1972–73 को आधार मानते हुये हरियाणा राज्य श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचक अंकों मे इस अवधि के दौरान केवल 8 प्रति ात वृद्धि हुई है।

1980–81 के दौरान हरियाणा मे प्राकृतिक आपदाओं से अर्थ व्यवस्था के प्रभावित होने के बावजूद राज्य मे आर्थिक विकास की गति बहुत उत्साहजनक रही है। राज्य सरकारने मुद्रास्फीति (इन्फले ान) रोकने के लिये ऐसी नीति अपनाई जो कि अपने कार्य क्षेत्र मे सप्लाई और मांग की संतोशजनक व्यवस्था पर जोर देती थी। उपज और खास तौर से कृशि क्षेत्र की उपज बढ़ाने के

लिये भी कदम उठाये गये। सार्वजनिक वितरण पद्धति को मजबूत बनाया गया जिसने राज्य मे जरूरी वस्तुओं मुहैया कराने मे एक महत्पपूर्ण भमिका अदा की। नकली अभाव और वितरण संबंधी रूकावटों को दूर किया गया। सरकार ने अनुत्पादी खर्च, तथा वस्तु सुची को कम करने के लिये सख्त कदम उठाये। इसके अलावा सरकार ने उपलब्ध धन साधनों का कु ालतापूर्वक आवंटन करने का प्रयास किया और विकास संबंधी धन की जरूरतों को पूरा करने और बजट के घाटे को कम करने के लिये करों के अलावा अन्य साधन जुटाये। सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों मे अधिक उत्पादन बेहतर क्षमता उपयोगिता और उचित मूल्य समजनों द्वारा आंतरिक साधनों के ज्यादा उत्पादन पर जोर दिया गया। क्रेडिट के विस्तार के प्रतिबंध को ध्यान मे रखते हुए कु ाल वस्तु सुची प्रबंध पर अधिक बल दिया गया। मूल्य स्थिरता लाना और राज्य के आंतरिक उत्पादन की दर मे अधिक बढौतरी करना राज्य सरकार की नीति का एक महत्वपूर्ण उददे य रहेगा। हरियाणा सरकार कृशि औद्योगिक क्षेत्र मे उत्पादन बढ़ाने को प्रोत्साहन देती रहेगी तथानये 20 सूत्री कार्यक्रम को जो ा के साथ कार्यान्वित करने के साथ साथ सप्लाई और वितरण मे और सुधार लायेगी।

अब मैं राज्य के कुछ प्रमुख विकास कार्यक्रमों की चर्चा करूंगा।

सिंचाई

माननीय सदस्यों को पता ही है कि विभिन्न राज्यों के बीच रावी ब्यास के पानी के बंटवारे के सिलसिले मे हरियाणा सरकार की बात मान ली गई है और रावी ब्यास के पानी मे हरियाणा का हिस्सा 35 लाख एकड़ फूट ही रखा गया है, जो ठीक वही है जो कि सरकार को पहले भी दिया गया था। इसकेलिये हम श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रति निरंतर आभारी रहेंगें जिन्होंने हमें इस मामले मे इंसाफ दिलवाया है। हमें आ ाा है कि उनके आ ाीर्वाद से पंजाब क्षेत्र से होकर पानी लाने वाली नहर दो वर्श के अंदर मुकम्मिल हो जायेगी। बड़े और मझंले सिंचाई क्षेत्र के लिये चालू वर्श मे 57.87 करोड़ रूपये का और आगामी वर्श मे 60.11 करोड़ रूपये का परिव्यय योजना आयोग द्वारा अनुमोदित हुआ है। सतलुज यमुना योजक परियोजना की जरूरत को पूरा करने के लिये इन परिव्ययों मे काफी बढ़ौतरी कर दी जायेगी और इस परियोजना को जल्दी से जल्दी पूरा करने के सिलसिले मे पंजाब सरकार के साथ सम्पर्क एवं तालमेल रखा जायेगा। प्रधान मंत्री द्वारा परियोजना के पंजाब भाग के निर्माण कार्य का निकट भविश्य मे उद्घाटन किये जाने के बाद आ ाा है कि परियोजना का निर्माण कार्य तेजी से चल पड़ेगा। वर्तमान सिंचाई मांगों को आधुनिक बनाने के काम को बड़े जो ा के साथ पूरा करवाया जा रहा है और अगस्त, 1982 के अंत तक लगभग 25 करोड़ वर्ग फुट नहरों को पक्का करने का कार्य मुकम्मिल हो जायेगा जिससे 1.37 लाख हैक्टयर अतिरिक्त रकबे मे सिंचाई हो सकेगी। वर्श 1982–83 के दौरान इस काम के लिये 25 करोड़

रूपये के खर्चे का प्रस्ताव है। सिवानी और लोहारू उठान सिंचाई स्कीमों का कार्य तकरीबन पूरा हो गया है और जवाहर लाल नेहरू उठान सिंचाई स्कीम का काम भी काफी आगे है। ये स्कीमें पूरी होने पर और रावी ब्यास पानी का हमारा हिस्सा प्राप्त होने के बाद 2.85 लाख हैक्टेयर रकबे मे सिंचाई हो सकेगी। खरीफ 1980 के मुकाबले मे खरीफ 1981 मे सिंचाई अधीन रकबे मे 2 प्रति ात बढौतरी हुई है और रबी 1980–81 के मौसम मे 10.25 लाख हैक्टेयर क्षेत्र सिंचाई अधीन रहा है। मार्च 1982 तक 25 हजार हैक्टेयर और वर्श 1982'83 मे 51 हजार हैक्टेयर अतिरिक्त रकबे मे सिंचाई की सम्भावना हो सकेगी। इन परियोजनाओं के परिणामस्वरूप अगले तीन वर्शो के अंदर अंदर सिंचाई का वर्तमान स्तर 18.20 लाख हैक्टेयर से बढ़ कर लगभग 24 लाख हैक्टेयर हो जायेगा। बाढ़ पर काबू पाने और जल निकास के कामों को आगे बढ़ाया जायेगा ताकि बाढ़ों की तबाही से सूबे को बचाया जा सके और वर्श 1982–83 के दौरान इस काम के लिये 17.50 करोड़ रूपये का उपबंध किया गया है।

हरियाणा राज्य लघु सिंचाई और नलकूप निगम द्वारा चालू वर्श के दौरान 5.50 करोड़ रूपये की लागत से 200 टयूबवैल और आगामी वर्श के दौरान 3 करोड़ रूपये की लागत से 125 टयूबवैल लगाने का प्रस्ताव है।

बिजली

बिजली अर्थ व्यवस्था का महत्वपूर्ण क्षेत्र है और विकास मे इसका खास योगदान है। बिजली उत्पादन बढ़ाने और राज्य बिजली बोर्ड के कार्यचालन को सुधारने के लिये भरसक प्रयत्न कियये जा रहे है। मुझे यह बताते हुए खु ाी है कि इन प्रयत्नों के फलस्वरूप हमारे ताप बिजल संयंत्रों के लिये बिजली का उत्पादन अपनी श्रमता के 33 प्रति ात से बढ़ा कर 50 प्रति ात करना सम्भव हो सका हैं बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिये अनेक छोटी अवधि और ल्म्बी अवधि के उपाय किये गये है। फरीदाबाद ताप बिजलीघर की 60 मैगावाट वाली तीसरी यूनिट को अप्रैल, 1981 मे व्यावसायिक रूप से भाुरू कर दिया गयां पानीपत ताप बिजली संयंत्र के दूसरे और तीसरे चरण का कार्य भाुरू कर दिया गया है। इन के अतिरिक्त बिजली पैदा करने की कई नई स्कीमें, जैसे कि यमुनानगर थर्मल परियोजना, पि चमी यमुना नहर पन बिजली परियोजना चरण–II और विभिन्न छोटी पन बिजली परियोजनायें भाुरू की गई है। नाथपा ढाकारी पन बिजली परियोजना का निर्माण कार्य भाुरू हो गया है और डिजाइन कार्य भाुरू किया जा चुका है।

राज्य की सभी हरिजन बस्तियों मे 18 नवम्बर, 1981 को जबकि श्री राजीव गांधी ने अंतिम हरिजन बस्ती मे बिजली जलाई थी, बिजली पहुंचाना सरकारकी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब तक लगभग, 4000 गांवों की गलियों मे बिजली लगाई जा चुकी है और आ ाा है कि 1984 तक सभी गांवों को यह सुविधा

दे दी जायेगी। वर्श 1982–83 के दौरान बिजली क्षेत्र के लिये 102.50 करोड़ रूपये के योजना खर्चे का प्रस्ताव रखा है। उत्पादन स्कीमें पूरी करने के काम सब से ज्यादा तरजीह दी जायेगी।

कृशि उत्पादन

